# कांच उद्योग को प्रोत्साहन के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का प्रस्ताव

## इंडिया एसएमई फोरम की चेक एंड मोरवियन ग्लास क्लस्टर के सहयोग से योजना

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। इंडिया स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज (एसएमई) फोरम ने चेक गणराज्य के चेक एंड मोरवियन ग्लास क्लस्टर के सहयोग से यूपी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना का प्रस्ताव किया है। यह संस्थान नोएडा के आसपास स्थापित करने की योजना है। इस संबंध में इंडिया एसएमई फोरम के डायरेक्टर पब्लिक अफेयर्स विमल ददरू ने अपर मुख्य सचिव एमएसएमई नवनीत सहगल को एक पत्र लिखा है।

ददरू ने बताया है कि चेक एंड मोरवियन ग्लास क्लस्टर के प्रतिनिधियों व भारत में चेक गणराज्य के राजदूत मिलान होवोरका के साथ विचार-विमर्श के बाद यूपी में ग्लास क्लस्टर की स्थापना पर सहमति बनी है। चेक एंड मोरवियन ग्लास क्लस्टर इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना में तकनीकी सहयोग करेगा। इस सेंटर में कांच उद्योग के क्षेत्र में शिक्षण, प्रशिक्षण, अनुसंधान व विकास का काम होगा। इस सेंटर से भारत व चेक गणराज्य के सूक्ष्म, लघु उद्योगों के बीच कारोबार को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में होंगी ये सुविधाएं

- 100 से 500 लोगों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम। यहां ग्लास की विकास यात्रा को प्रदर्शित करने का प्रस्ताव है।
- कांच काटने और नष्ट करने की अत्याधुनिक प्रयोगशाला।
- नवीनतम सामग्री व शोध प्रयोगशाला।
- कांच के कारोबार से जुड़े कारीगरों व शिल्पकारों के लिए इन्क्युबेसन सेंटर की स्थापना।
- यह सेंटर दुनिया में भर में आयोजित होने वाली कांच प्रदर्शनियों में देश के कांच की कला व उत्पाद के बारे में जानकारी देगा।
- यह दुनिया भर से कांच उद्योग से जुड़े प्रतिनिधिमंडलों के आने पर यूपी के ग्लास प्रोडक्ट के बारे में जानकारी देगा और एक डायरेक्ट्री उपलब्ध कराएगा।
- कांच उत्पादों का उत्पादन करने वाली कंपनियों को निर्यात में सहयोग।
- सेंटर शैक्षिक व व्यावसायिक दक्षता बढ़ाने वाले कोर्स, वर्कशाप, सेमिनार व प्रशिक्षण का आयोजन कर युवाओं को इस सेक्टर के लिए तैयार करेगा।
- अंतरराष्ट्रीय कांच उत्पादक कंपनियों के लिए भी स्थान उपलब्ध कराया जाएगा, जो अपने उत्पादों को यहां प्रदर्शित कर सकें।

QUICK HEAL
TOTAL SECURITY